सुविचार



जो व्यक्ति छोटी-छोटी बातों में सच्चाई को गंभीरता से नहीं लेता उसपर बड़ी बातों में भी विश्वास नहीं किया जा सकता .
-- ऐल्बर्ट आइन्स्टीन

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी से ठगे 1.17 करोड़ II
- मुबारक चांद दिखा, इबादत का महीना रमजान शुरू III
- अवैध स्कूली वाहनों पर होगी एफआईआर IV

लखनऊ, गुरुवार, 19 फरवरी 2026




**रमजान का पहला दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:19 | सुन्नी : 6:02 |
| शिया : 5:08 | शिया : 6:13 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज

- विपिन खंड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत- 10 :00 बजे।
- प्रदेश कांग्रेस कार्यालय नेहरू भवन मॉल एवेन्यू में कांग्रेसजनों पर पुलिस प्रशासन के लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेसियों का सत्याग्रह- 10 :30 बजे से।
- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में शोध प्रविधि पर कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ करेंगे छात्रों का मार्गदर्शन- 11 :00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# होली पर ज्यादातर नियमित ट्रेनें फुल, स्पेशल में भी वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्वांचल, बिहार, पश्चिम बंगाल के अलावा दिल्ली रूट की ट्रेनों में ज्यादा मारामारी

**अमृत विचारः** लखनऊ से गुजरने वाली नियमित ट्रेनों में होली के आसपास की तारीखों में अभी से लंबी वेटिंग हो गई है। पूर्वांचल, बिहार, पश्चिम बंगाल के अलावा दिल्ली रूट की ट्रेनों में ज्यादा मारामारी है। होली स्पेशल दिल्ली-छपरा ट्रेन में 15 और नई दिल्ली-बरौनी ट्रेन में वेटिंग 16 चल रही है। अयोध्या कैंट से लखनऊ होकर आनंद विहार जाने वाली स्पेशल के थर्ड एसी में वेटिंग है, लेकिन अन्य श्रेणियों में सीमित सीटें अभी खाली हैं। सुपौल-नई दिल्ली और दरभंगा-नई दिल्ली रूट की ट्रेनों में भी सीटें भर चुकी हैं।

उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के तहत आने वाले लखनऊ के स्टेशनों से करीब 316 ट्रेनें गुजरती हैं। तीन और चार मार्च को होली है। अनुमान है, उसी के आसपास बड़ी संख्या में निकलना शुरू कर देंगे। छपरा रूट पर चलने वाली 16 ट्रेनों साबरमती, छपरा एक्सप्रेस, सद्भावना, वैशाली, गरीब रथ, शहीद और लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस समेत में करीब 15 दिन पहले ही सीटें फुल हो चुकी हैं। गरीब नवाज, कामाख्या, वैशाली और अवध असम संपर्क क्रांति में रिग्रेट की स्थिति है। पटना रूट की 11 ट्रेनों में लखनऊ-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस को छोड़ अधिकांश में जगह नहीं है। कोटा-पटना और श्रमजीवी में सभी श्रेणियों में रिग्रेट है, जबकि चंडीगढ़-पटना एक्सप्रेस में स्लीपर फुल और अन्य श्रेणियों में लंबी वेटिंग है। सामान्य दिनों में लखनऊ के स्टेशनों से 1.5 से 2 लाख यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं, जो होली और दिवाली जैसे त्योहारों पर बढ़कर औसतन 3.5 लाख पहुंच जाते हैं। सीट न मिलने पर कुछ यात्री निजी साधनों का सहारा ले रहे हैं, जबकि अधिकतर को भीड़ में सफर करने की मजबूरी है।

### लखनऊ से गुजरेंगी 10 होली स्पेशल ट्रेनें

- उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने कई साप्ताहिक विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इसमें 10 विशेष गाड़ियां लखनऊ होकर गुजरेंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 04212/04211 सुलतानपुर-एलटीटी विशेष 26 फरवरी व 2 मार्च को सुलतानपुर से तथा 27 फरवरी व 3 मार्च को एलटीटी से चलेगी। 04226/04225 वाराणसी-एलटीटी विशेष 25 फरवरी व 3 मार्च को वाराणसी से और 26 फरवरी व 2 मार्च को एलटीटी से रवाना होगी। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह के अनुसार 04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष 5, 12, 19 व 26 मार्च को जोधपुर से तथा 6, 13, 20 व 27 मार्च को गोरखपुर से चलेगी। 07075/07076 हैदराबाद-गोरखपुर विशेष 6, 13, 20 व 27 मार्च को हैदराबाद से और 8, 15, 22 व 29 मार्च को गोरखपुर से संचालित होगी। 05559/05560 रक्सौल-उधना विशेष 7 मार्च को रक्सौल से और 8 मार्च को उधना से चलाई जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से समय से आरक्षण कराने की अपील की है।

### शहर से चलेंगी 500 अतिरिक्त बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** होली पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए शहर के बस अड्डों से 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इसकी तैयारी कर दी है। चारबाग, कैसरबाग, अवध बस अड्डे और आलमबाग बस टर्मिनल पर अधिकारियों व कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाएगी। निगम के सूत्रों के अनुसार शहर के बस अड्डों से प्रतिदिन करीब 1000 बसों का संचालन किया जा रहा है। होली पर 500 अतिरिक्त बसें चलाई लगाई जाएंगी। इसमें 350 बसें चलाई जाएंगी जबकि 150 रिजर्व में रखी जाएंगी। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर इन बसों को चलाया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि त्योहार पर अतिरिक्त ड्यूटी करने वाले चालकों और परिचालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

#### क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया बसों का निरीक्षण

- क्षेत्रीय प्रबंधक ने बुधवार को लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर बसों का औचक निरीक्षण किया गया। कुछ चालक-परिचालक बिना वर्दी के ड्यूटी करते पाए गए, उन्हें पूर्ण वर्दी में कार्य करने के निर्देश दिए। प्रत्येक स्टॉपेज से यात्रियों को बैठाने, यात्रियों से मृदुल व्यवहार रखने, निगम आय बढ़ाने के प्रयास करने तथा वृद्ध यात्रियों को बस में चढ़ने-उतरने में सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### नौ प्लाटिंग ध्वस्त, दो निर्माण किए सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को काकोरी में अभियान चलाकर लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के नौ अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। वहीं, अमीनाबाद व हुसैनगंज में दो अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के ग्राम खुदाईंट एवं पलेंहदा में अभियान चलाया गया। राम सनेही, विजय पाल, सुधीर, दुर्गेश, गोविंद, कल्लू व अन्य द्वारा लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही नौ अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्त की गई। प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि बिक्की व अन्य हुसैनगंज के क्ले स्क्वॉयर में 2500 वर्गफीट क्षेत्रफल के भूखंड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण करा रहे थे।





यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में जियामऊ स्थित जीजीआईसी में छात्र को तिलक करतीं और छात्रा को गुलाब का फूल देकर शुभकामनाएं देतीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, साथ में अधिकारी व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# परीक्षार्थियों को तिलक लगाया, दिए गुलाब

**यूपी बोर्ड परीक्षा** — पहले दिन जियामऊ जीजीआईसी में उत्साह बढ़ाने पहुंचीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाईस्कूल में पंजीकृत 51724 में 49238 विद्यार्थियों ने दी, 2486 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित
- इंटरमीडिएट में पंजीकृत 49969 विद्यार्थियों में 47929 ने दी परीक्षा, 2040 नहीं पहुंचे

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा का उत्सव बुधवार से शुरू हो गया। सुबह 7:30 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जिया मऊ में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने परीक्षार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और गुलाब का फूल देकर अच्छे अंक लाने की शुभकामनाएं दीं उन्होंने परीक्षार्थियों से कहा कि बिना तनाव लिए उत्साह पूर्वक परीक्षा दें, उन्होंने परीक्षार्थियों को अच्छे अंक लाने की शुभकामनाएं भी दीं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा बुधवार को शुरू हो गई। पहली पाली में हाईस्कूल और दूसरी में इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा हुई। हाईस्कूल में पंजीकृत 51724 परीक्षार्थियों में 49238 उपस्थित रहे और 2486 परीक्षा में नहीं पहुंचे। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 49969 छात्र-छात्राओं में 47929 ने परीक्षा दी और 2040 अनुपस्थित रहे। माल क्षेत्र के श्रीवीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से पहली पाली में परीक्षा देकर निकलीं 10वीं की छात्रा वैष्णवी सिंह ने कहा कि, परीक्षा केंद्र कक्ष में पहुंचने तक घबराहट हो रही थी। प्रश्नपत्र मिलने के बाद उसे पढ़ा तो घबराहट दूर हो गई। उसके बाद शांत दिमाग से प्रश्नपत्र हल किया। पेपर अच्छा गया। दूसरी पाली में 12वीं के छात्र दीपक द्विवेदी ने कहा कि प्रश्नपत्र अच्छा हुआ है।



इस्लामिया कॉलेज केंद्र पर परीक्षा के बाद प्रसन्न मुद्रा में छात्राएं। अमृत विचार

जिला विद्यालय निरीक्षक और उनकी टीम के सदस्यों समेत सचल दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रथम पाली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नरही, श्रीमहेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज लतीफपुर माल, वीरांगना ऊदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज माल, आरडीकेपी इंटर कॉलेज माल, नन्हे सिंह स्मारक इंटर कॉलेज मसीढा, एस पब्लिक इंटर कॉलेज कुराखर मॉल, श्रीखुशहाल दास मांटेसरी इंटर कॉलेज सैदापुर माल का निरीक्षण किया। पाली में पीएनडी पब्लिक इंटर कॉलेज शेखवापुर थरी, एसपी सिंह इंटर कॉलेज, सैदपुर और यूबीएस कान्वेंट इंटर कॉलेज कठवाड़ा में जाकर व्यवस्था देखी। माल के राजकीय वीरांगना ऊंदा देवी बालिका इंटर कॉलेज में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। तत्काल साफ-सफाई का निर्देश दिए और बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश भी दिए।

#### परीक्षा केंद्र पर आधे घंटे पहले पहुंचें

- सभी स्कूलों और कार्यशालाओं में परीक्षार्थियों को किसी भी परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम आधे घंटे पहले पहुंचने की नसीहत दी जाती है। इसके बावजूद बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में कई बच्चे परीक्षा के ऐन वक्त हांफते हुए पहुंचे। जियामऊ जीजीआईसी में भी पहली पाली में एक छात्रा परीक्षा के ऐन वक्त भागते हुए पहुंची। देरी के कारण उसके चेहरे पर घबराहट दिख रही थी।



जीजीआईसी जियामऊ केंद्र पर देरी से पहुंचने के कारण दौड़ लगाती छात्रा।

#### केन्द्रों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त कैमरों से मॉनिटरिंग

- बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जिलाधिकारी विशाखजी ने नारी शिक्षा निकेतन व सेंटेनियल इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षा कराने के उद्देश्य से जिले को पांच जोन और 14 सेक्टर में बांटा गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। केन्द्रों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहते हुए अपने अपने सेक्टरों के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा सेंटीनियल इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्र में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई।

# ज्यादा पत्ता गोभी खाने से थायराइड का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- केजीएमयू में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने किया सचेत

**अमृत विचार :** यदि आप बंद या पत्ता गोभी का अत्यधिक सेवन कर रहे हैं तो सतर्क हो जाइए। जिन्हें पहले से थायराइड की हल्की समस्या है उन्हें अधिक सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि पत्ता गोभी के अधिक सेवन से थायराइड होने का खतरा रहता है। ये जानकारी बुधवार को केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग के स्थापना दिवस पर डॉ. कुशाग्र गौरव ने दी।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्थापना दिवस समारोह से पूर्व सेमिनार में डॉ. कुशाग्र ने बताया कि तराई और पूर्वी प्रदेश के कई जिलों की मिट्टी में आयोडीन की कमी पाई जाती है। ऐसी भूमि में उगाई जाने वाली सब्जियों में भी आयोडीन की मात्रा कम होती है।

उन्होंने बताया कि बंद व पत्ता गोभी में सैलिसिलेट एसिड पाया जाता है, जो थायराइड ग्रंथि से हार्मोन बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इससे शरीर में थायराइड हार्मोन की कमी हो सकती है और समस्या गंभीर होने पर मरीज को घेघा (गॉयटर) होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमित मात्रा में पत्ता गोभी का सेवन नुकसानदायक नहीं है, लेकिन थायराइड से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

#### आयोडीन युक्त नमक का करें उपयोग

- सेमिनार में डॉ. कुलरंजन ने आयोडीन युक्त नमक के सेवन पर जोर देते हुए कहा कि साबुत नमक के उपयोग से बचना चाहिए। यदि उसका उपयोग कर रहे हैं तो उसे धोकर खाने से बचें, क्योंकि इससे आयोडीन की मात्रा कम हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण के कारण भी थायराइड की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। कार्यक्रम में डॉ. गीतिका नंदा ने स्तन कैंसर के लक्षण, जांच और समय पर उपचार के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. केके सिंह, डॉ. अक्षय आनंद, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. सुरेंद्र सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

### सलोनी हार्ट सेंटर में अत्याधुनिक उपकरणों से इलाज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान स्थित सलोनी हार्ट सेंटर में बुधवार को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया गया। ये उपकरण एचसीएल फाउंडेशन ने एक करोड़ रुपये के सहयोग से उपलब्ध कराए हैं। इससे जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को और बेहतर उपचार सुविधा दी जा सकेगी। केंद्र के प्रथम चरण में स्थापित 6-बेड वाले आईसीयू को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। इनमें शिशुओं के लिए सटीक श्वसन सहायता देने वाला एसएलई 6000 पीडियाट्रिक/नियोनेटल वेंटिलेटर, तापमान नियंत्रण के लिए पांडा रेससव्यू वार्मर (रेससिटेशन ट्रॉली सहित) व पीलिया के उपचार के लिए जीई बिलिसॉफ्ट फाइबर ऑप्टिक फोटोथेरेपी सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन, सीवीटीएस विभाग के प्रमुख प्रो. एसके अग्रवाल, सलोनी हार्ट फाउंडेशन, यूएसए के कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सेठ, मृणालिनी सेठ, ऋषि कुमार, डॉ. चेतना तीर्थहल्ली और बिपिन मौजूद रहे।

### सिटी ब्रीफ

#### जीपीओ में डाक सेवा समाधान दिवस आज

अमृत विचार, लखनऊ : जीपीओ में गुरुवार को डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लखनऊ परिक्षेत्र के सभी मंडलों में मंडलाध्यक्षों की अध्यक्षता में कार्यक्रम होगा। इसमें ग्राहकों की समस्याओं का उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। लखनऊ से संबंधित सभी लंबित और नई शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

#### कई क्षेत्रों में आज नहीं रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के कई इलाकों में गुरुवार को मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इससे कई क्षेत्रों में बिजली संकट रहेगा। कमता उपकेंद्र से आपूर्ति दोपहर 12 से 2 बजे तक बिजली ठप रहेगी। इससे विमल नगर, आदर्श नगर, कल्याणी विहार, संतपुरम, नंद सिटी, न्यू पंचवटी प्रभावित रहेगा। गोमतीनगर के विराजखंड उपकेंद्र में सुबह 10 .30 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। कपूरथला उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। अहिबरनपुर उपकेंद्र के बड़ी मस्जिद मक्कागंज में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली नहीं आएगी।

#### पॉलीथिन व गंदगी मिलने पर वसूला जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर 29500 रुपये जुर्माना वसूला। जोनल सेनेटरी ऑफिसर जोन-3 मनोज यादव के निर्देश पर सेक्टर-के अलीगंज से ताड़ीखाना मार्केट तक चलाये अभियान में गंदगी फैलाने पर आठ चालान के माध्यम से 4500 रुपये जुर्माना वसूला। प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर छह चालान करके 4,000 अर्थदंड जमा कराया। बाजार में बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया तथा चार दुकानों के विरुद्ध 1,000 रुपये का मौके पर जुर्माना लगाया ।

#### हाई कोर्ट से मिला 35.16 करोड़ गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम को जोन 4 के चिनहट द्वितीय वार्ड स्थित हाई कोर्ट परिसर से करीब 35 .16 करोड़ रुपये गृहकर के रूप में मिले हैं। नगर निगम ने पिछले वर्ष ही हाई कोर्ट स्थित भवन का कर निर्धारण किया था। पिछले एक महीने से नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और विनय कुमार राय उच्च न्यायालय के उच्चाधिकारियों से संपर्क में थे।

**मिलेगी राहत** — मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई संस्थान की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में लगेगी अत्याधुनिक प्रोटॉन थेरेपी मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान में अत्याधुनिक प्रोटॉन थेरेपी मशीन लगाई जाएगी। करीब 750 करोड़ रुपये की इस तकनीक से ट्यूमर का सटीक उपचार होगा और मरीज की स्वस्थ कोशिकाओं को न्यूनतम नुकसान पहुंचेगा। मशीन लगाने का निर्णय बुधवार को लोक भवन में मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई कैंसर संस्थान की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया।



बैठक के दौरान मुख्य सचिव एसपी गोयल को बैठक का एजेंडा देते संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट, रजिस्ट्रार डॉ. आयुष लोहिया और अन्य सदस्य।

संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय वरुण ने बताया कि प्रोटॉन थेरेपी तकनीक से रेडिएशन के माध्यम से ट्यूमर को अत्यंत सटीकता से निशाना बनाया जाता है। यह तकनीक विशेष रूप से बच्चों, न्यूरो ट्यूमर तथा शरीर के जटिल और संवेदनशील अंगों में विकसित कैंसर के उपचार में प्रभावी मानी जाती है। उन्होंने बताया कि मशीन की लागत में विशेष बंकर निर्माण की कीमत भी शामिल है। अभी इस तकनीक से मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल समेत देश के दो संस्थानों में ही ये सुविधा उपलब्ध है। बैठक में 36 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और रजिस्ट्रार डॉ. आयुष लोहिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### क्वाटरनरी कैंसर केयर सेंटर को हरी झंडी

- बैठक में संस्थान को क्वाटरनरी कैंसर केयर सेंटर के रूप में विकसित करने की अनुमति भी प्रदान की गई। इसके तहत जटिल और गंभीर कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीक, उच्चस्तरीय विशेषज्ञता और बहुविषयक विशेषज्ञों की टीम एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इससे मरीजों को समग्र और प्रभावी उपचार मिल सकेगा।

#### इलाज के साथ उच्च शिक्षा की भी व्यवस्था

- संस्थान में चिकित्सा शिक्षा को भी विस्तार दिया जाएगा। आंको-पैथोलॉजी में पोस्ट-डॉक्टरल सर्टिफिकेट कोर्स, गायनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में एमसीएच पाठ्यक्रम शुरू करने पर सहमति बनी। साथ ही पीएचडी के नए अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई।

#### पॉपुलेशन बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री का प्रस्ताव भी मंजूर

- गवर्निंग बॉडी ने पॉपुलेशन बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके तहत लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में कैंसर के मामलों का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे प्रदेश में कैंसर के वास्तविक बोझ और इससे होने वाली मौतों का सटीक आकलन संभव हो सकेगा।

### कर्मी के इलाज में मदद न करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊः** निविदा संविदा कर्मचारी संघ की बुधवार को एवेरेडी चौराहा स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक की। इसमें 15 फरवरी को विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर-6, जानकीपुरम पर तैनात संविदा कर्मचारी करन के साथ हुई दुर्घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। महामंत्री ने बताया कि करन को समस्या दूर करने के लिए अकेले भेजा गया, जहां वह 11 हजार वोल्ट की चपेट में आकर झुलस गया। कर्मचारियों ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अब तक लगभग 30 हजार रुपये इलाज में खर्च हो चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी और मेसर्स क्विस कंपनी इलाज में मदद नहीं कर रही है।

## सिटी ब्रीफ

### लाइट बंद कर उड़ाया जेवर से भरा बैग

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहीद पथ स्थित रिजार्ट में वैवाहिक समारोह के दौरान चल रहे संगीत कार्यक्रम में चोरों ने पांच मिनट के लिए लाइट बंद कर वधू की मां का जेवर व नकदी से भरा बैग पार कर दिया। बिजली आने पर बैग गायब देख कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि प्रबंधन से रिजार्ट के सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग मांगी गयी है। मामले की जांच की जा रही है। नीलमथा स्थित दुर्गापुरी तिराहा निवासी प्रेमचंद सिंह ने बताया कि बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम के लिए 3 व 4 फरवरी को शहीद पथ स्थित राजपूताना रिजार्ट बुक कराया था। 3 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे संगीत कार्यक्रम के दौरान अचानक लाइट चली गयी। करीब पांच-सात मिनट तक लाइट नहीं रही। इसी दौरान समधन अंजू जायसवाल का बैग चोरी हो गया। बिजली आने पर अंजू ने बैग गायब देखा तो शोर मचाया। हॉल व सभी जगह खोजबीन की गयी लेकिन बैग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि बैग में मंगलसूत्र, झुमके, घर की चाभी, 20 हजार रुपये व मोबाइल था। प्रेमचंद ने बैग चोरी की जानकारी रिजार्ट के मैनेजर समीर को दी। समारोह व अन्य कार्यक्रम पूरा होने के बाद प्रेमचंद ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत की। बताया कि चोरी के रिजार्ट का स्टॉफ शामिल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो बंद मकानों को चोरों ने बनाया निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव व गुडंबा में चोरों ने दो बंद मकानों को निशाना बनाया। खिड़की व दरवाजे का लॉक तोड़कर घुसे चोरों ने नकदी, जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मड़ियांव स्थित रामराम बैंक चौराहा निवासी राजेश्वरी जैसवाल ने बताया कि 26 जनवरी को वह गोरखपुर गयी थी। 15 फरवरी को बेटा शम्मी घर पहुंचा। मुख्य द्वारा खोलकर अंदर गया तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। देखा तो खिड़की टूटी पड़ी थी। बेटे की सूचना पर राजेश्वरी अगले दिन लखनऊ पहुंची। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस पहुंची। पीड़िता ने आलमारी देखी तो लाखों के जेवर, चांदी का नोट, लड्डू गोपाल, 47 हजार रुपये व आईफोन गायब था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी अनुज्ञा रस्तोगी ने बताया कि 31 जनवरी को घर के काम से शहर से बाहर गयी थी। 11 फरवरी को घर पहुंची तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। पीड़िता भीतर गयी तो सारा सामान फैला और आलमारी खुली मिली। पीड़िता ने बताया कि चोर करीब चार हजार रुपये, टोटियां व अन्य सामान चोरी कर ले गए। गुडंबा पुलिस ने छानबीन कर मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने स्कूटी लेकर फुर्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर के पास उचक्का टेस्ट ड्राइव के बहाने पीड़ित की स्कूटी लेकर फुर्र हो गया। आरोपी ने बातचीत के दौरान बहन के लिए स्कूटी लेने की बात कहकर टेस्ट ड्राइव की बात कही। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मूल रूप से सिधौली सीतापुर निवासी दिव्यांश जायसवाल जानकीपुरम सेक्टर-2 में रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि 12 फरवरी को वे स्कूटी लेकर जानकीपुरम स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर जानकीपुरम आया था। इसी दौरान वहां एक एक युवक वहां आया और माचिस मांगने के बहाने बात की। दिव्यांश ने माचिस नहीं होने की बात की। फिर अंजान ने कहा कि उसे बहन के लिए गर्ल्स हॉस्टल देखना है और एक स्कूटी भी लेनी है। बातचीत के दौरान पूछा कि आपकी स्कूटी की माइलेज क्या है? टाइम पूछा, फिर उनके हाथ में सिगरेट का डिब्बा देकर बोला कि स्कूटी की लाइट चेक कर लेता हूं। इसी दौरान वह स्कूटी स्टार्ट कर चलाने लगा। कुछ देर तक आरोपी के न आने पर दिव्यांश आसपास खोजबीन की लेकिन उचक्के का कुछ पता नहीं चला। उसके बाद पीड़ित भिठौली चौकी पर गया लेकिन वहां ताला मिला। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में तहरीर दी। पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी से ठगे 1.17 करोड़

## 24 दिन के भीतर आठ बैंक खातों में 12 बार में ट्रांसफर कराई रकम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक कारोबारी को अपने जाल में फंसा लिया। व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर लिंक भेजा गया, एप डाउनलोड कराई गई और डीमैट अकाउंट खुलवाया गया। कंपनी को सेबी से पंजीकृत बताकर भरोसा दिलाया गया। इसके बाद साइबर जालसाजों ने 24 दिन के भीतर 1.17 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़प ली। मुनाफा न मिलने पर पड़ताल करने पर ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वृंदावन योजना सेक्टर-4 स्थित ओमपुरी कॉलोनी निवासी कारोबारी विकास मिश्रा ने बताया कि उनका खाता एसबीआई और इंडसइंड बैंक में है। 10 अगस्त 2025 को व्हाट्सएप लिंक के जरिए उनका नंबर जी922 इंडियन स्टॉक वीआईपी ग्रुप में जोड़ा गया, जहां एडवाइजर के रूप में सिया वर्मा नाम सामने आया। बाद में उन्हें जी13-डीएमए कस्टमर सर्विस ग्रुप में जोड़ा गया और प्ले स्टोर से एमओपीआईपी नाम का एप डाउनलोड कराया गया।

जालसाजों ने शेयर ट्रेडिंग में कई गुना मुनाफे का लालच दिया। ग्रुप में अन्य लोगों के निवेश और मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा दिलाया गया। इसके बाद एक डीमैट अकाउंट तैयार किया गया। 16 जनवरी से 10 फरवरी के बीच विकास ने एसबीआई और इंडसइंड बैंक खातों से 12 बार में कुल 1,17,33,385 रुपये ट्रांसफर कर दिए। एप पर मुनाफा दिखने के बाद जब उन्होंने विड्रॉल का प्रयास किया तो अतिरिक्त रकम की मांग की गई।

ठगी का एहसास होने पर उन्होंने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की और साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि रकम यस बैंक, इंडसइंड बैंक, डीसीबी बैंक, यूको बैंक, सिटी यूनियन बैंक, कैथोलिक सीरियन बैंक लिमिटेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के खातों में ट्रांसफर हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### एलडीए वीसी का व्हाट्सएप अकाउंट हैक

**अमृत विचार , लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का बुधवार शाम को साइबर जालसाजों ने व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। जालसाजों ने कई लोगों को व्हाट्सएप पर मैसेज कर रुपयों की मांग की। जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। गोमतीनगर पुलिस ने साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरु कर दी है। उन्होंने व्हाट्सएप अकाउंट हैक की पोस्ट अपने व्हाट्सएप स्टेट्स पर भी अपलोड की है।बताया जा रहा है कि जालसाजों ने उनकी कांटेक्ट लिस्ट में जुड़े कई नंबरों को व्हाट्सएप पर मैसेज कर रुपयों की मांग की गयी। एक परिचित को भेजे गए मैसेज में लिखा कि एक हेल्प चाहिए, 40 हजार होंगे क्या? किसी को ट्रांसफर करना है। दो घंटे में रिटर्न कर दूंगा। मैसेज देख परिचितों ने प्रथमेश कुमार को कॉल की तो हैकिंग की बात पता चली। पुलिस इस बात की छानबीन कर रही है कि कहीं किसी ने रुपये ट्रांसफर तो नहीं कर दिए।

# व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भीड़ के इकट्ठा होने पर गाड़ी छोड़कर भागे तीन आरोपी
- चार खाली, 52 भरे सिलेंडर और एक पिकअप गाड़ी बरामद
- पूर्ति निरीक्षक ने विकासनगर थाने में एजेंसी मालिक समेत पांच पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बाराबंकी से व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर लाकर लखनऊ में कालाबाजारी किए जाने की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक की टीम ने कुर्सी रोड स्थित टेढ़ी पुलिया के पास छापेमारी की। टीम ने मौके से चार खाली और 52 भरे सिलेंडर समेत एक पिकअप गाड़ी बरामद की। भीड़ जुटने पर आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने एजेंसी मालिक सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ विकासनगर आलोक सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

पूर्ति निरीक्षक हसनगंज आरएन मिश्रा ने बताया कि मंगलवार सुबह जिला पूर्ति अधिकारी को सूचना मिली थी कि टेढ़ी पुलिया स्थित मोहम्मदी मस्जिद के बगल में सिलेंडरों से लदा पिकअप वाहन खड़ा है। जांच टीम पहुंची तो वाहन और जमीन पर रखे कई सिलेंडर मिले। पिकअप पर नीले और लाल रंग से एएनएस इंटरप्राइजेज, विकल्पखंड-4 गोमती नगर और एचपी लिखा था। वाहन के पास मौजूद तीन लोगों ने अपने नाम रफीक निवासी फतेहपुर बाराबंकी (हाल पता टेढ़ी पुलिया), प्रकाश गौतम निवासी अलीगंज और अनीस निवासी रामगढ़, सीतापुर बताए।

रफीक ने बताया कि वह देवा स्थित हरई की एएनएस गैस एजेंसी से सिलेंडर लाकर मस्जिद के पास बिक्री करता है। सिलेंडरों के कनेक्शन धारकों की जानकारी उसे नहीं थी। प्रकाश और अनीस उसकी मदद करते थे। एजेंसी के मालिक के रूप में हुसैनाबाद निवासी अली खान का नाम सामने आया। आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके और भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले।

जांच में पिकअप से विभिन्न कंपनियों के कुल 56 सिलेंडर बरामद हुए। सिलेंडरों को जानकीपुरम स्थित सतेन्द्र कुमार की गैस एजेंसी में सुरक्षित रखवाया गया है। सप्लाई में प्रयुक्त पिकअप वाहन पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जो वर्तमान में इंदिरानगर सेक्टर-सी निवासी जाहिद के नाम दर्ज है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर विकासनगर पुलिस ने रफीक, प्रकाश, अनीस, अली खान और जाहिद के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



छावनी स्थित एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में आयोजित सेना भर्ती के लिए दौड़ प्रतियोगिता में शामिल युवतियां। अमृत विचार



ऊंची कूद में प्रतिभाग करती युवती। अमृत विचार



लंबीकूद के दौरान मौके पर मौजूद निरीक्षक। अमृत विचार

### मांझे से युवक के घायल होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार , लखनऊ :** हुसैनगंज से नाका जाने वाले फ्लाईओवर पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हुए मो. मुशर्रफ मामले में चौकी प्रभारी छितवापुर गौरव सिंह ने अज्ञात के खिलाफ हुसैनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उड़ायी गयी पतंग के मांझे से युवक घायल हुआ था। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हुसैनगंज में शेर वाली कोठी निवासी मो. मुशर्रफ 12 फरवरी को पत्नी नेहा और चार माह की बेटी के साथ एक रिश्तेदार के घर बाइक से जा रहे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे हुसैनगंज से नाका फ्लाईओवर पर थे। इसी दौरान मो. मुशर्रफ की गर्दन में मांझा फंस गया। उन्होंने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे बाइक स्लिप हो गई। सड़क पर गिरी नेहा ने गोद में बेटी को तो किसी तरह बचा लिया लेकिन खुद चोटिल हो गई। वहीं, गर्दन पर मांझे की धार से मुशर्रफ भी मामूली रूप से घायल हो गए थे।

# जीएसटी चोरी के गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेल गयी तबस्सुम ने तीन अलग-अलग नामों से खोले खाते
- साइबर थाना पुलिस ने सरगना की तलाश में सीतापुर में डाला डेरा

**अमृत विचार:** 16 बोगस फर्म खोलकर 2.75 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। साइबर थाना पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो पता चला कि गिरोह की मुख्य आरोपी तबस्सुम के तीन जिलों में खाते मिले हैं। इस जानकारी के बाद साइबर क्राइम सेल की टीम ने जेल गए जालसाजों तबस्सुम, प्रशांत बेंजवाल, दौलत राम और सुमित सौरभ के बैंक खातों का ब्योरा लखनऊ, कानपुर और सीतापुर से मांगा है। माना जा रहा है कि ब्योरा मिलते ही खाते से हुए लेन-देन की कई अहम जानकारियां मिलेंगी।

साइबर थाना पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी तबस्सुम ने अपने तीन नामों तबस्सुम, गुलचमन और जाह्नवी के नाम से बैंक खाते खुलवा रखे थे। आरोपी दौलत राम और प्रशांत बेंजवाल मजदूरों को 10-15 हजार रुपये देकर उनके दस्तावेज लेते थे और खाते व फर्म खुलवाते थे। पुलिस की एक टीम ने गिरोह के सरगना अम्मार अंसारी की तलाश में सीतापुर में डेरा डाल रखा है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम उसके करीबियों और घरवालों के संपर्क में है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि गिरोह के सरगना सीतापुर निवासी अम्मार अंसारी, तबस्सुम, व्यवसायी सौरभ समीर और अन्य की संपत्तियों का ब्योरा पुलिस टीम खंगाल रही है। अपराध के धन से बनी संपत्तियों के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही अपराध से अर्जित संपत्ति की कुर्की की जाएगी।

# 1600 मीटर दौड़, 10 फीट जंप में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एएमसी स्टेडियम में हुई उप्र और उत्तराखंड की अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती
- 595 में शामिल हुईं 410 महिला अभ्यर्थी, लेफ्टिनेंट जनरल ने किया दौरा

**अमृत विचार :** छावनी स्थित एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में बुधवार को अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। किसी ने 8 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ पूरी की तो कोई इससे कम समय में दौड़ पूरी करके आगे बढ़ा। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों ने तीन फीट हाई जंप और 10 फीट लांग जंप में अपनी क्षमता दिखाई।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड भर्ती क्षेत्र भर्ती कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में एक दिवसीय भर्ती रैली कराई गई। इसमें 595 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसमें 410 ने हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों का ग्रुपों में बांटकर पहले 8 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। 8 मिनट से पहले दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को ग्रेड-1 और 8 मिनट में दौड़ पूरी करने पर ग्रेड टू दिया गया। इसके बाद अभ्यर्थियों ने हाई जंप और लांग जंप में दमखम दिखाया।

मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने रैली का दौरा किया। भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने वाली नई पहलों की समीक्षा की। आर्मी कमांडर ने कहा कि वर्ष 2019 में मंजूरी मिलने के बाद से कोर ऑफ सैन्य पुलिस (सीएमपी) की शाखा में महिलाओं की भर्ती भारतीय सेना में एक महत्वपूर्ण संस्थागत परिवर्तन को दर्शाती है। जो आधुनिक सैन्य व्यवस्था और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप है। भारतीय सेना में महिलाओं के प्रदर्शन की सराहना की।

# देवर के दोस्त ने महिला से किया दुष्कर्म, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फोन बंद होने पर अमेठी से आयी थी देवर से मिलने के लिए
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** चिनहट थाना क्षेत्र में रिश्ते के देवर से मिलने के लिए अमेठी से आयी महिला से उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने चिनहट कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पीड़िता अमेठी की रहने वाली है। उसका देवर यहां किराए पर रहता है। पीड़िता ने बताया कि 25 दिसंबर के पहले से उसके देवर का मोबाइल नंबर बंद था। इसलिए वह यहां उससे मिलने आयी थी। वह देवर के कमरे में पहुंची तो वह नहीं था। वहां पर



देवर का दोस्त अनुज यादव था। अनुज ने देवर से मिलाने की बात कही। उसके बाद फिर बातों में फंसाकर कमरे पर ले गया। वहां उसने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां से निकली पीड़िता वापस अमेठी चली गई। घरवालों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद पति संग वापस लौटी पीड़िता ने 17 फरवरी को चिनहट कोतवाली में शिकायत की।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। बुधवार को पुलिस ने कठौता झील के पास से आरोपी अनुज यादव को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अनुज मूल रूप से लखीमपुर खीरी के संपूर्णानगर गोविंदनगर का रहने वाला है। वह यहां मटियारी में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# दहेज के लिए किया प्रताड़ित चोरी का आरोप लगा किया बेघर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहली शादी की बात छिपाकर किया था दूसरा निकाह
- पति समेत छह पर मदेयगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज के गौरभीट चौराहा निवासी इशरत खातून ने आरोप लगाया है कि 22 दिसंबर 2024 को खदरा के अलीनगर निवासी मो. अनीस से निकाह के बाद उसे दहेज और मोटापे को लेकर प्रताड़ित किया गया। कुछ दिन बाद पता चला कि अनीस मानसिक रूप से कमजोर है और उसकी पहले भी शादी हो चुकी थी, जिसे छिपाया गया। पहली पत्नी को चोरी का आरोप लगाकर तलाक दिया गया था।

पीड़िता के अनुसार ससुराल पक्ष ने तय दहेज से कम सामान मिलने की बात कहकर 50 हजार रुपये मायके से लाने का दबाव बनाया। 9 जुलाई को मां के पहुंचने पर इशरत को "मोटी" बताकर घर ले जाने को कहा गया। 10 जुलाई को ननदोई शकील ने उसे मदेयगंज थाने बुलाकर चोरी के आरोप में बयान दिलवाया और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए। बाद में तलाक की धमकी दी गई।

पीड़िता की तहरीर पर पति मो. अनीस, ससुर मो. इदरीस, सास, ननद सलमा, बहनोई शकील उर्फ जिम्मी और अनस के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** थाना दुबग्गा के मौरा गांव में मंगलवार देर रात युवती ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजन ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर युवती का शव लटका मिला। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मौरा गांव निवासी कोमल पाल (22) ने हाल ही में स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। करीब एक वर्ष पूर्व उसके पिता सुशील पाल ने भी गांव के बाहर आम की बाग में फंदा लगाकर जान दे दी थी। पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी बड़े होने के चलते कोमल पर आ गई थी। परिवार में चार छोटी बहनें और एक छोटा भाई हैं। परिजन ने कोमल की शादी तय कर दी थी। 2 फरवरी को उसकी सगाई हुई थी।

ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि कोमल अभी आगे पढ़ाई करना चाहती थी। शादी तय होने से नाखुश थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर शाम कोमल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजन को संदेह हुआ और दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### पीओपी मजदूर ने आरडीएसओ पुल से लगाई छलांग

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र के लंगड़ा फाटक आरडीएसओ पुल से बुधवार को एक पीओपी मजदूर नीचे कूद गया। घटना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक के किनारे घायल पड़े मजदूर को एम्बुलेंस से लोकबंधु अस्पताल भेजा। वहां से डॉक्टरों ने घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर राम बाबू ने बताया कि बुधवार शाम करीब 3 :30 बजे राहगीरों से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तालकटोरा रोड पर धोबी घाट कॉलोनी के पास आरडीएससो पुल के ऊपर से नीचे कूद गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि करीब 30 वर्षीय एक युवक रेलवे लाइन के किनारे पड़ा हुआ था। एंबुलेंस की सहायता घायल को उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सिर पर गंभीर चोट देख प्राथमिकी उपचार कर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहां घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी करने पर पता चला कि घायल का नाम सुरेन्द्र यादव पुत्र क्षेत्रीय लाल यादव है।

# साइबर जालसाज ने युवती समेत तीन के खाते से उड़ाए 2.05 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, कैंट व रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने युवती समेत तीन लोगों के खातों से कुल 2.05 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं खुद को सीआईएसएफ दरोगा तो कहीं सैन्यकर्मी बताकर ठगी की गई। तीनों मामलों में गोमतीनगर, कैंट और रहीमाबाद थानों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

विशालखंड निवासी अर्चना प्रकाश ने बताया कि व्हाट्सएप पर संपर्क करने वाले व्यक्ति ने खुद को एयरपोर्ट पर तैनात दरोगा गिरिराज बताया और तीन ट्रांजैक्शन में करीब 94 हजार रुपये निकाल लिए। उन्होंने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रहीमाबाद के जिंदौर ग्राम लालूहार निवासी संतलाल के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से यूपीआई के जरिए एक लाख रुपये पार कर दिए गए। उन्होंने रहीमाबाद थाने में शिकायत की है।

इंदिरानगर के मानस विहार निवासी पार्ट टाइम रेपिडो चालक विशाल अधौलिया को 10 फरवरी को कमांड अस्पताल के नाम से राइड मिली। फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर उससे 11 हजार रुपये ठग लिए गए। मामले में कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है।

सिटी ब्रीफ

## जिन्हें नाज है हिन्द पर वो कहां हैं का आयोजन आज से

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी कलेक्टिव की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती और अंतरराष्ट्रीय सोशल जस्टिस दिवस के मौके पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन गोमतीनगर स्थित शीरोज हैंगआउट कैफे में 19 व 20 फरवरी को किया जाएगा। जिन्हें नाज़ है हिन्द पर वो कहां हैं की थीम पर होने वाले इस आयोजन में कई सत्रों में विभिन्न विद्वानों द्वारा बातचीत की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में विश्वविख्यात भाषा विद, लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के डिजाइनर साहित्य अकादमी और सार्क सम्मान प्राप्त पद्मश्री गणेश एन देवी की मौजूदगी रहेगी। समारोह का उदघाटन विश्व विख्यात कवि और पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3 बजे से होगा।

## तीन दिवसीय श्याम निशानोत्सव कल से




**अमृत विचार, लखनऊः** श्याम ज्योत मंडल की ओर से तीन दिवसीय 44वां श्याम निशानोत्सव ऐशबाग स्थित तिलकनगर के महाराजा अग्रसेन पार्क में 20 फरवरी से मनाया जाएगा। पहले दिन जयपुर के संजय पारीक, कुमार नरेन्द्र, नवीन शर्मा, रोहित शर्मा, रांची की पूजा पारीक और 21 को कोलकाता के संजय शर्मा, लव अग्रवाल, अरविंद सहल एवं कानपुर के कुमार मुकेश बाबा का गुणगान करेंगे। मंडल समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल और मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि मंडल के सदस्य राजस्थानी पगड़ी में नजर आएंगे। संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सुरेश कंछल ने बताया कि पंडाल की बनावट रंगा माटीर बांग्ला जैसे विषयों से प्रेरित होगी। जहां बंगाल की लाल मिट्टी और प्राचीन मंदिर वास्तुकला को एक आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत किया जाएगा। मुकेश अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल ने बताया कि 22 को श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा तिलकनगर से गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर जाएगी।23 को निशान लेकर बस से यात्रा खाटूधाम प्रस्थान करेगी।

## आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊः** आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने मंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु के आवास का घेरावकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भर्ती प्रक्रिया कोर्ट केस के चलते अटकी हुई है और अब तक 51 तारीखें लग चुकी हैं। आरोप लगाया कि सरकारी की ओर से प्रभावी पैरवी न होने से मामला लंबित है, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के लगभग 60 प्रतिशत पद खाली हैं। सरकार ने 1002 पदों पर भर्ती निकाली थी, जबकि कुल स्वीकृत पद करीब 2100 हैं और लगभग 1200 पद अब भी रिक्त हैं। उनका कहना है कि इससे आयुष एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में दवा वितरण और फार्मेसी संचालन पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कोर्ट में बेंच-वाइज निर्णय कराकर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। आवश्यकता पड़ने पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित कर भर्ती पूरी कराई जाए।

## बंद मकानों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लाखों के जेवर, मोबाइल व दो हजार रुपये बरामद किया है। पुलिस ने दो वारदातों का खुलासा किया है। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी हिमांशु थारू उर्फ संजू बाबा पीजीआई के तेलीबाग के पुराना नटखेड़ा झोपड़पट्टी का रहने वाला है। 22 नवंबर को निलमथा निवासी आकांक्षा शुक्ला और 22 दिसंबर को दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी शरद पांडेय के घर लाखों की चोरी हुई थी। एसीपी ने बताया कि पीजीआई, गाजीपुर व मड़ियांव थाने में चोरी समेत करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।





रमजान महीने का चांद दिखने के बाद बुधवार देर शाम बाजारों में खाद्य सामग्री खरीदने वालों की भीड़ बढ़ गई। लोगों ने सहरी और इफ्तार के लिए खजूर, फल और अन्य सामान खरीदा। अमृत विचार

# मुबारक चांद दिखा, इबादत का महीना रमजान शुरू

## मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल ने की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रमजान का चांद बुधवार को नजर आ गया, गुरुवार 19 फरवरी को पहली रमजान होगी। मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास के साथ धर्मगुरुओं ने बुधवार शाम को हुसैनाबाद स्थित सतखंडा से रमजान का चांद देख कर इसकी पुष्टि की।

उधर, मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल की ओर से ऐशबाग ईदगाह में चांद देखने की रस्म अदा की गई। ईदगाह के इमाम और मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के साथ धर्मगुरुओं ने चांद देखकर रमजान के शुरू होने की पुष्टि की।



ऐशबाग ईदगाह से रमजान का चांद देखते मौलाना खालिद राशिद फरंगी महली और अन्य। अमृत विचार

## शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों की समस्या का समाधान

अमृत विचार, लखनऊ :रमजान के मौके पर अयातुल्लाह उजमा सैयद सादिक हुसैनी शिराजी के कार्यालय की ओर से शिया हेल्पलाइन शुरू हो गई है। रमजान के महीने का महत्व एवं पुण्य बेशुमार हैं। क्योंकि रोजा, नमाज व अन्य कार्यों को ठीक से करने के मुद्दों को जानना महत्वपूर्ण है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि ईश्वर की इबादत बेहतर तरीके से की जाए। कुरान और हदीस से स्पष्ट है कि अगर आप कुछ भी नहीं जानते हैं, तो विद्वानों से पूछें, इसलिए रोजेदारों की सुविधा के लिए जो पूरे दिन इबादत में रहता है वह धर्म से जुड़ी जिन चीजों के बारे में जानकारी नहीं रखता है उसे हेल्पलाइन के जरिये जान ले। आयतुल्ला उज़मा सैयद सादिक हुसैनी शिराजी के कार्यालय की ओर से संचालित शिया हेल्पलाइन रमजान के महीने में शुरू की जा रही है। उलेमा के पैनल से शिया हेल्पलाइन के माध्यम से सुबह 10 से 12 बजे तक मोबाइल नंबर 9415580936, 9839097407 पर संपर्क किया जा सकता है। महिलाओं के लिए एक विशेष हेल्पलाइन स्थापित की गई है जिसमें महिला विद्वान महिलाओं के सवालों का जवाब देगीं। इसलिए महिलाओं को चाहिए कि वह मोबाइल नंबर 6386897124 पर संपर्क करें।



सतखंडा से चांद देखते मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और अन्य।

## जीवन की विधाओं की तरह मनुष्य के लिए कला भी जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य संग्रहालय में बुधवार को 11 दिवसीय कला अभिरुचि पाठ्यक्रम शुरू हुआ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। पहले दिन के मुख्य वक्ता प्रो. केके थपलियाल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कुमार बिस्वाल और डॉ. सृष्टि धवन की मौजूदगी रही।

प्रो. मांडवी सिंह ने इस मौके पर कहा कि कला अभिरूचि जैसे आयोजनों के माध्यम से समाज में कला और संस्कृति की भावना जीवंत होती है। उन्होंने इस अद्भुत कार्यशाला के आयोजन को जन सामान्य से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बताया। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. केके थपलियाल ने अपने व्याख्यान में कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला मनुष्य के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी जीवन की अन्य विधाएं।

उन्होंने भर्तृहरि के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य की स्थिति पशु के समान है। केवल उसके पूंछ और सींग नहीं होते। उन्होंने बताया कि मानव अति प्राचीन काल से कला का सृजन करता आया है और प्रागैतिहासिक काल के अवशेष भारत में भीमबेटका (भोपाल के निकट) में प्राप्त होते हैं, जो प्रागैतिहासिक चित्रों का सबसे बड़ा स्थल है। उन्होंने कहा कि कला का रस लेने के लिए दर्शक में भी कुछ योग्यताएं होनी चाहिए।

कला स्वयं में महत्वपूर्ण है, लेकिन जब उसे कोई मर्मज्ञ देखता है तो उसका महत्व और बढ़ जाता है। भारतीय कला का आदर्श योगी है और भारत में कला के प्रतीकों की बहुलता मिलती है, जो उसकी विषयवस्तु की महत्ता को दर्शाती है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कला में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

# उप मुख्यमंत्री ने दिखाई बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के विरुद्ध जन जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत संचालित 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को बुधवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आवास पर हरी झंडी दिखाई।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान संवाद सामाजिक संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रयास से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने इसे समाज की जड़ों को कमजोर करने वाली कुप्रथा बताते हुए इसके समूल उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा बाल विवाह बच्चों के सपनों को छीन लेता है और समाज के विकास में बाधा बनता है। जब तक इसे जड़ से समाप्त नहीं किया जाएगा, तब तक सशक्त और विकसित समाज की परिकल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि अपने आसपास होने वाले किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन, पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन को दें। कार्यक्रम में 'एक्सेस टू जस्टिस' के ईडी रविकांत ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समय रहते सूचना देकर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है।




बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

## यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता सीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। गृहकर बकाए पर यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता और उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र को सील कर दिया।

जोनल अधिकारी जोन-2 संजय यादव ने बताया कि जोन-2 अंबेडकर नगर वार्ड स्थित यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 31 मार्च 2020 तक 94,04,294 रुपये गृहकर बकाया है।

निगम ने समय-समय पर बिल और नोटिस ऑफ डिमांड जारी किए गए थे। संबंधित अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर भुगतान कराने का प्रयास भी किया, लेकिन अब तक बकाया राशि जमा नहीं की गई। जिस पर यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता सीज कर दिया।

कर अधीक्षक जोन 7 अजीत राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र पर 1,98,85,360 रुपये गृहकर बकाया था।

संबंधित विभाग को कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। जिस पर उपकेंद्र को सील कर दिया।

## मासूम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मुल्लू वर्मा निवासी ग्राम बिसानी पन्ना मध्य प्रदेश हालपता ग्राम टनटहा सेक्टर जे सुशान्त गोल्फ सिटी का रहने वाला है। 17 फरवरी को बच्ची की मां ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह काम पर चली गई थी। दोपहर में उसके दोनों बेटे घर के बाहर खेल रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मुल्लू वर्मा घर पहुंचा और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था।

## ईसाई समुदाय ने मनाया राख बुधवार, शुरू हुआ चालीसा काल

**अमृत विचार, लखनऊ :** 18 फरवरी को ईसाई समुदाय ने राख बुधवार मनाया। दुनिया भर के ईसाईयों ने इस दिन रोजा रखा और चालीसा काल शुरू किया। राख बुधवार उपवास और परहेज का दिन है। इसी के साथ 40 दिनों का चालीसा काल की शुरुआत भी हो गई। इन 40 दिनों की अवधि जिसे चालीसा का काल कहा जाता है, ईसाई समुदाय को उपवास, तपस्या, प्रार्थना और दया के कार्यों के साथ अपने जीवन की समीक्षा करने के लिए आमंत्रित करने के लिए है।राख बुधवार को पवित्र मिस्सा के दौरान आम तौर पर शाम के समय पिछले वर्ष के खजूर का इतवार (पाम संडे) की जली हुई जैतून की डालियों की राख लोगों के सिर पर इन शब्दों के साथ लगाई गई कि याद रखो, हे मनुष्य कि तुम मिट्टी हो और तुम मिट्टी में ही लौट जाओगे। मानव जीवन की नाजुकता का एक उपयुक्त अनुस्मारक, इस दुनिया में एक अच्छा, ईमानदार और करुणामय मानव जीवन जीने के आह्वान के साथ होता है।फादर डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि चालीसा काल का मुख्य आकर्षण लेंट के 40 दिनों के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को उपवास और परहेज है। जिसमें दुनिया भर में लाखों ईसाई विशेष रूप से हमारे देश में चालीसा के पूरे काल में 40 दिनों के लिए मांसाहारी जीवन (मछली, अंडे या मांस खाना) छोड़ देते हैं। पास्का (ईस्टर) के पर्व तक ऐसे ही चलेगा जो इस साल 5 अप्रैल 2026 को होगा।

याद किया | प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल से पुस्तक मजबूती का नाम महात्मा गांधी पर हफीज किदवई ने की चर्चा

# किदवई की जयंती पर लगी स्वतंत्रता संग्राम की फ़ोटो गैलरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ कल्चरल सोसाइटी ने बुधवार को ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रफी अहमद क़िदवई की जयंती मनाई।

इस दौरान क़िदवई के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें की फ़ोटो गैलरी लगाई गई। विधायक फरीद महफूज़ क़िदवई ने रफी अहमद किदवई व अन्य सेनानियों के स्वतंत्रता आंदोलन में प्रतिभाग पर प्रकाश डाला।




अपनी पुस्तक मजबूती का नाम महात्मा गांधी पर हफीज किदवई से चर्चा करते लेखक प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल।

हफीज किदवई से ने प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल से उनकी नई पुस्तक मजबूती का नाम महात्मा गांधी पर परिचर्चा की। इसमें महात्मा गांधी के विचारों खासकर धर्म, नास्तिकता, नैतिकता और संवाद की महत्ता पर बातचीत की गई।

गांधी गोरा संवाद के माध्यम से गांधी को अनीश्वरवाद समझने और उस पर संवाद करने की कला को भी रेखांकित किया। पवन यादव, आशीष डिगडिगा, अनुराग शुक्ला, डॉ. यूनुस किदवई, शाहरुख किदवई, सानिध्य अवध, डॉ. प्रदीप, मुनीश शुक्ला, आशीष आनन्द आदि मौजूद रहे। संचालन लेखिका डॉ. अवंतिका सिंह ने किया और समापन भाषण सुरेन्द्र राजपूत ने दिया।

सिटी डायरी

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन का किया विस्तार



मनोनीत पदाधिकारियों के साथ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बुधवार को आशियाना में हुई बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इसमें प्रदीप शुक्ला को सरोजनीनगर विधानसभाक्षेत्र, राजा रावत को बंथरा, भुवनेश पांडे को आलमनगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रवि प्रकाश, सजीव शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह, अनिल, सुशांत शर्मा, शुभम सिंह, महेन्द्र गुप्ता, कौशलेंद्र सचान, सौरभ चावला एवं जय चावला समेत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने सदस्यों से संगठन को और मजबूत एवं व्यापक बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंकज अवस्थी, प्रदेश प्रभारी परवीन मणि त्रिपाठी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, लखनऊ जिला प्रभारी विष्णु शंकर त्रिपाठी शामिल रहे।



मरीज की जांच करती स्वास्थ्यकर्मी।

## टीबी और कैंसर की हुई स्क्रीनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर टीबी, कैंसर व गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के साथ आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) कार्ड भी बनाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य टीबी उन्मूलन और गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना है। लोगों को बीमारियों के लक्षण, कारण एवं बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अतुल सिंघल ने शिविरों का निरीक्षण किया।




कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्य।

## 12 क्षय रोगियों को लिया गोद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लायंस क्लब ''एक परिवार'' की टीम ने 12 क्षय रोगियों को गोद लिया है। मरीजों का इलाज चलने तक क्लब की टीम उन्हें निरंतर पोषण पोटली उपलब्ध कराती रहेगी। डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के हॉस्पिटल ब्लॉक में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गई। क्लब के सदस्यों ने कहा कि टीबी की दवाइयों के साथ-साथ बेहतर खान-पान और सही पोषण ही मरीज को जल्द स्वस्थ बनाने में सहायक होता है। इस मौके पर सोनू अग्रवाल, अरुण कुमार, पीयूष कुमार सिंह, सुधीर सिंह और वेंकटेश तिवारी मौजूद रहें।



शिलान्यास कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि और स्थानीय लोग।

## शिलान्यास किया

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड स्थित अवध विहार कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद रामनरेश रावत के प्रतिनिधि संतोष त्रिपाठी ने किया। दिलीप सिंह के मकान से मदन गुप्ता के घर होते हुए विमल के मकान तक 60 मीटर लंबी एवं चार मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व नाली साथ ही मीरा सिंह के मकान से खान साहब के मकान तक सड़क बनाई जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की दी जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज में महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. यतीन्द्र कुमार झा, समाजशास्त्र विभाग की ओर से छात्राओं को वीडियो के जरिए संबंधित जानकारी दी गई। लैंगिक संवेदनशीलता के लिए कॉलेज एंबेसडर शालिनी जायसवाल, अंशिका राय, महक गुप्ता, नीलाद्री मित्रा, हिमांशु विश्वकर्मा के साथ अन्य छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव, प्रवक्ता भावना सेठी, राखी सिंह, टीके चौधरी, डॉ. रोली श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### समसेमेस्टर शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक सम सेमेस्टर (चतुर्थ, छठें, अष्टम व दशम सेमेस्टर) में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत दी है। अब इसकी अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए बिना विलंब शुल्क के 28 फरवरी तक जमा की जा सकती है। संबंधित सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं अपने संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित तिथि तक यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन कर अनिवार्य रूप से शुल्क जमा करें। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने की स्थिति में संबंधित छात्र-छात्राओं का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

### केंद्रीय सेल दे रहा छात्रों को प्लेसमेंट का अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को केंद्रीय प्लेसमेंट सेल रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अधिग्रहण प्रबंधक बिज़नेस बैंकिंग (करंट अकाउंट) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति लखनऊ में की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक रिटेल बैंकिंग, बिज़नेस बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश बैंकिंग तथा बीमा सेवाओं सहित विभिन्न वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है। बैंक अपनी नवाचार-प्रधान कार्यप्रणाली और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के लिए जाना जाता है। चयनित अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों में नॉन-डिपॉज़िट उत्पादों (जैसे म्यूचुअल फंड एवं बीमा) की बिक्री, क्रॉस-सेलिंग लक्ष्य प्राप्त करना, शाखा उत्पादकता सुनिश्चित करना, नियामकीय अनुपालन बनाए रखना तथा शाखा के वित्तीय प्रदर्शन की जिम्मेदारी संभालना शामिल होगा।

### एंटीबायोटिक न लेने की छात्रों ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में "एंटीबायोटिक्स एएमआर पर प्रहार'' विषय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर की अनुमति के बिना एण्टीबायोटिक दवाइयों का सेवन न करने तथा अपने साथ-साथ समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि अपनी मर्जी से अथवा बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की एण्टीबायोटिक दवा का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस अवसर पर परिसर के सह निदेशक प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. गणेश शंकर त्रिपाठी, प्रो. मदन मोहन पाठक, डॉ. प्रफुल्ल गडपाल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवध ईगल्स और स्टिनजर्स ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण में ग्रुप बी के मुकाबले रोमांचक मोड़ पर पहुंच गए हैं। तीसरे दिन खेले गए मैचों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिससे अंक तालिका और दिलचस्प हो गई। दिन के अहम मुकाबले में अवध ईगल्स ने बीबीडी रैंजर्स को 3–2 से हराया। मैच अंत तक कांटे का रहा। स्वप्निल राज–इंद्रपाल पांडेय और हार्दिक सिंह–राजीव पांडेय की जोड़ी ने निर्णायक जीत दिलाई। इस जीत से अवध ईगल्स ने ग्रुप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दूसरे मुकाबले में स्टिनजर्स ने अमेजिन ओरिजिंस को 4–1 से पराजित किया। शुरुआती मैच हारने के बाद स्टिनजर्स ने लगातार चार मुकाबले जीतकर शानदार वापसी की। चरित माथुर–डॉ. संजय कुमार (टू अप), अनुज अग्रवाल–राजेश मिश्रा (6-4), आधार जैन–उत्सव मिश्रा (5-3) और ध्रुव सेठ–इकबाल किदवई (5-4) की जोड़ी ने प्रभावी प्रदर्शन किया।

# अवैध स्कूली वाहनों पर होगी एफआईआर

## डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा व विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की ली बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बैठक लेते जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक कर स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पाण्डेय, आरटीओ प्रदीप कुमार सिंह, आलोक कुमार यादव, राधारमण सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात डॉ० बीके श्रीवास्तव, विकास कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**732 में से 430 चालकों के लाइसेंस का सत्यापन पूर्णः** बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रगति की जानकारी ली। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार स्कूलों में संचालित 732 वाहन चालकों में से 430 चालकों के लाइसेंस का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष चालकों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

**फिटनेस व परमिट समाप्त वाहनों पर कड़ा रुखः** समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई स्कूल और कॉलेज फिटनेस समाप्त, परमिट समाप्त तथा निर्धारित आयु पूरी कर चुके वाहनों का संचालन कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी करने तथा उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

**वाहनों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्यः** जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन वाहनों से छात्र-छात्राएं स्कूल आते-जाते हैं, उनकी पूरी जानकारी, वाहन संख्या और चालक का विवरण सहित जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी अवैध या अनियमित रूप से संचालित स्कूली वाहन से दुर्घटना होती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित स्कूल प्रबंधन की होगी।

### ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई, 23 वाहनों का चालान, 20 लाख जुर्माना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बीते दो दिनों में 23 वाहनों का चालान किया गया, जबकि 22 वाहनों को विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया। इनमें अधिकांश वाहन खनिज पदार्थ जैसे गिट्टी और मोरंग ढोने वाले पाए गए। खनिज विभाग ने भी संबंधित वाहनों पर अलग से कार्रवाई की है। इस संयुक्त अभियान से ओवरलोड वाहन संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। कार्रवाई के दौरान करीब 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अब तक अभियान में कुल 86.27 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला जा चुका है। आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडे ने कहा कि ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिजली कनेक्शन में देरी और गलत बिलिंग पर फूटा लोगों का गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- मुख्य अभियंता कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

**अमृत विचार :** बिजली कनेक्शन देने में देरी, गलत बिलिंग और अधिकारियों की लापरवाही से नाराज उपभोक्ताओं ने बुधवार को इंद्रलोक हाइडिल कॉलोनी स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने एक्सईएन और एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (हिन्दुस्तान) के राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान महीनों से बिजली कनेक्शन के लिए विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। जिम्मेदार अधिकारी सरकारी सीयूजी मोबाइल तक नहीं उठाते, जिससे उपभोक्ताओं की समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं। कनेक्शन शुल्क जमा होने के बावजूद मीटर और केबल लगाने में अनावश्यक देरी की जा रही है।

**प्रीपेड फीस जमा, फिर भी कनेक्शन काटाः** रोहित पाल ने बताया कि उन्होंने 30 दिसंबर को एक किलोवाट का कॉमर्शियल कनेक्शन (आवेदन सं. जे2246885801) के लिए 6414 रुपये प्रीपेड शुल्क जमा किया था। तीन जनवरी को परिसर में मीटर और केबल भी लगा दी गई, लेकिन 17 जनवरी को जूनियर इंजीनियर ने कनेक्शन काट दिया, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**आवेदन निरस्त, ओटीएस में भी गड़बड़ीः** नादरगंज निवासी सत्यम यादव ने 6 दिसंबर को घरेलू कनेक्शन (आवेदन सं. जे3099478501) के लिए आवेदन किया था, जिसे संबंधित इंजीनियर ने निरस्त कर दिया। वहीं दुबग्गा उपकेंद्र क्षेत्र के प्रहलाद ने 5 दिसंबर को ओटीएस के प्रथम चरण में खाता संख्या 6931441854 पर 2000 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क और 6 दिसंबर को 7840 रुपये शेष बकाया जमा किया, लेकिन छूट की धनराशि उपभोक्ता खाते में जोड़ दी गई, जिससे बिलिंग गड़बड़ी उत्पन्न हो गई।

### आवेदन के बाद भी नहीं मिला कनेक्शन

- मोहनलालगंज निवासी साधना सिंह ने 24 जनवरी को दो किलोवाट घरेलू कनेक्शन (आवेदन सं. जे2820974101) के लिए आवेदन किया, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया, जबकि उनके पड़ोस के दो घरों में बिजली कनेक्शन जारी कर दिया गया है।

### ट्यूबवेल की लाइन काटी

- मलिहाबाद डिवीजन के अंतर्गत राम खेलावन के ट्यूबवेल से चार पोल की करीब 200 मीटर लाइन अज्ञात चोर काट ले गए। इसकी शिकायत पुलिस में की गई है। किसानों ने मौके पर जांच कराकर नया बर्रा तार डलवाने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। बाद में मुख्य अभियंता महफूज आलम ने किसान प्रतिनिधियों से वार्ता की और सभी लंबित मामलों की जांच कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

# नाटक ने डाली विवाहेत्तर संबंधों के अंजाम पर रोशनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नाट्य संस्था रंग संगम की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में बुधवार को नाटक दूसरा आदमी दूसरी औरत का मंचन किया गया। विभा रानी द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन शुभम पाण्डेय ने किया।

यह नाटक जिन्दगी के उस मोड़ की तस्वीर दिखाता है जहां औरत और मर्द दोनों की जिन्दगी में खालीपन परेशान करने लगता है। कई बार यह खालीपन विवाहेत्तर संबंधों की ओर चला जाता है। विवाहेत्तर संबंधों से जीवन में रोमांस भी आता है और युवा होने का अहसास भी जाग जाता है।

शोमा को संभव का साथ मिला तो कुछ ऐसा ही हुआ। वो दोस्त के रूप में मिले थे लेकिन जल्दी ही कुछ सवाल यक्ष प्रश्न की तरह से खड़े हो गए। अपने साथी के साथ छल जैसी भावनाएं जागने लगीं। नाटक में शुभम पाण्डेय और स्वाती श्रीवास्तव की भूमिकाएं शानदार रहीं।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# कला की बेकद्री की तस्वीर दिखा गया नाटक 'फनकार'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नाट्य संस्था रंग संगम की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में बुधवार को नाटक फनकार का मंचन किया गया। स्वाती श्रीवास्तव द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन शुभम पाण्डेय ने किया।

फनकार नाटक में राजा के दरबार का रंग महल देखने को मिलता है। राजा के दरबार में कोई फनकार नजर नहीं आता क्योंकि फनकारों को मान-सम्मान के साथ-साथ आर्थिक सहयोग भी चाहिए होता है लेकिन राजा के दरबार में आश्वासन के सिवाय कुछ मिलता नहीं है।

नाटककार ने अपने नाटक के जरिये समाज में कलाकारों की बेकद्री को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकार भटक रहे हैं और विरासत धूल खा रही है। नाटक में शक्ति कुमार मिश्रा घायल, और गिरि राज प्रकाश श्रीवास्तव ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

# अपने लोग ही दे रहे पॉवर कारपोरेशन को जोर का झटका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभागीय कर्मचारियों की मदद से हो रही बिजली चोरी और चल रहा वसूली का खेल
- वैवाहिक कार्यक्रमों समेत अन्य आयोजनों में कनेक्शन के बजाय वसूली के आरोप
- उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने के नाम पर भी की जा रही अवैध वसूली

**अमृत विचार :** जिन अधिकारियों और कर्मचारियों पर बिजली चोरी रोकने व उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की जिम्मेदारी है, उन्हीं पर पॉवर कारपोरेशन को नुकसान पहुंचाने के आरोप लग रहे हैं। मिलीभगत से कहीं बिजली चोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है तो कहीं कनेक्शन जारी करने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। राजधानी में ऐसे कई मामले सामने आने के बाद विभागीय अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। जांच में दोषी पाए गए कुछ कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और लोगों से सूचना देने की अपील की गई है।

शहर में कटिया से बिजली चोरी रोकने के लिए एबीसी लाइनें बिछाई गई हैं और औचक चेकिंग अभियान भी चल रहे हैं। इसके बावजूद कुछ उपकेंद्रों पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदाकर्मियों के गठजोड़ से शादी-पार्टी में वैध कनेक्शन के बजाय चोरी से बिजली जलाने के आरोप हैं। जांच के दौरान उपभोक्ताओं पर चोरी का आरोप लगाकर वसूली करने की शिकायतें भी मिली हैं। मामला तूल पकड़ने पर कई कर्मियों को निलंबित या बर्खास्त किया गया।

**इन मामलों में कार्रवाईः** अलीगंज के पटेल पार्क में शादी समारोह में एलटी लाइन से कटिया डालकर बिजली जलाने पर जेई, एसडीओ और लाइनमैन निलंबित हुए। चिनहट के कमता क्षेत्र में उपभोक्ता से 20 हजार रुपये वसूलने पर संविदाकर्मी बर्खास्त किए गए। कुर्सी रोड पर कनेक्शन के नाम पर धन वसूली में भी कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई।

मुख्य अभियंता वीपी सिंह (जानकीपुरम जोन) ने कहा कि शादी समारोहों में लगातार निरीक्षण के निर्देश हैं। उपभोक्ता चोरी की सूचना दें और किसी कर्मचारी को धनराशि न दें।



भारी वाहन की टक्कर से गिरे बिजली के खंभे। अमृत विचार

# जूडो प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** निदेशालय की देखरेख में सब जूनियर बालक एवं बालिका जूडो प्रतियोगिता 25 और 27 फरवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल हजरतगंज स्थित इंडियन पैरा जूडो अकादमी में आयोजित किये जायेंगे। 19 फरवरी को जिला स्तरीय और 20 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किये जायेंगे। चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की उम्र 12 से कम और 15 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। वर्ष 2012, 2013 और 2014 में जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में शामिल होने का मौका मिलेगा।

# मूक-बधिर स्कूल के पास भारी टक्कर से तीन बिजली के खंभे गिरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऐशबाग रामलीला मैदान के निकट मूक-बधिर स्कूल के पास बुधवार सुबह बिजली के खंभे में भारी वाहन के टक्कर मारने की घटना सामने आई, जिसमें क्षेत्र की पूरी बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भारी वाहन की जोरदार टक्कर से तीन बिजली के खंभे गिर गए और बिजली के तार सड़क पर आ गिरे। घटना के समय आसपास के क्षेत्र में हलचल मच गई। स्कूल के पास होने के कारण यह हादसा और भी गंभीर हो सकता था।

स्थानीय लोगों के अनुसार यदि यह घटना स्कूल के समय में होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आनन-फानन में लोगों ने इसकी जानकारी उपकेंद्र सहित बिजली अधिकारियों को दी। इस दौरान ऐशबाग, कुंडरी रकाबगंज, शास्त्रीनगर, रामलीली ग्राउंड, धोबीघाट सहित आसपास के करीब 50 हजार उपभोक्ताओं को घंटो बिजली संकट का सामना करना पड़ा। इस बीच सड़क पर तार गिर जाने से आवागमन भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि आखिर किस कारण से इतनी भारी टक्कर हुई और क्या वाहन चालक की लापरवाही इसके पीछे थी, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इस बाबत संबंधित अधिकारियों को कई बार फोन करने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा।

## सिटी डायरी


वेटलिफ्टिर को सम्मानित करते क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी।

### वेटलिफ्टिर इकबाल को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी इकबाल चंद्र को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिंहा ने बुधवार को चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर कैश प्राइज और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उपक्रीड़ा अधिकारी वेटलिफ्टिंग अरबिंद कुमार कुशवाहा ने बताया कि हाल में चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में इकबाल ने 110 केजी भार वर्ग में खेलने के साथ स्नैच 131केजी और क्लीन जर्क-157 केजी भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक पर जीतने में कामयाबी हासिल की है। जिसके चलते उन्हें आज सम्मानित किया गया है।


कुलपति व कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षक-शिक्षार्थी।

### भिक्षावृत्ति रोकने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा और जागरूकता

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीख मांगने की समस्या प्राय: लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी न होने के कारण बढ़ती है। बच्चों की भिक्षावृत्ति के पीछे अक्सर वयस्क जिम्मेदार होते हैं, इसलिए इसके मूल कारणों को समझना और अभिभावकों की भूमिका पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। यह बात डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कही। विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग व राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा और समाज में जागरूकता के माध्यम से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।


सीएमएस के चैंपियन विद्यार्थी।

### इण्डिया चैम्पियन का खिताब सीएमएस छात्रों के नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने कम्प्यूडॉन जूनियर चैम्पियनशिप सीजन-6' में 'इण्डिया चैम्पियन' का खिताब अपने नाम किया है। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-9 के छात्र गर्वित वर्मा ने ऑल इण्डिया गोल्ड मेडल अर्जित कर 'इण्डिया चैम्पियन' होने का गौरव प्राप्त किया है, तो वहीं दूसरी ओर, प्राइमरी वर्ग में राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा जैनब खान ने 'इण्डिया चैम्पियन' का खिताब अपने नाम किया।


लखनऊ हाईकोर्ट का भवन (फाइल फोटो)।

### निलंबित मदरसों को सरकारी अनुदान पर समान नीति क्यों नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने एजाज अहमद की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा कि मान्यता निलंबित मदरसों को अनुदान देने पर समान नीति क्यों नहीं है। याची पक्ष ने कहा कि मनमाने ढंग से अनुदान दिया जा रहा है, जबकि मदरसा बोर्ड रजिस्ट्रार ने रोक की संस्तुति की थी। कोर्ट ने 30 मार्च तक जवाब मांगा।